दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 02 अंक :- 08 मुरादाबाद 29April 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## असम दौरे पर पीएम मोदी, कहा- डबल इंजन की सरकार में सबका साथ, सबका विकास



पीएम नरेन्द्र मोदी असम के दौरे पर हैं। पीएम कई परियोजनाओं की सौगात देंगे। मोदी कार्बी आंगलोंग जिले के दीफू में शांति, एकता और विकास रैली को संबोधित कर रहे हैं। इससे पहले मोदी ने कार्बी आंगलोंग में मांजा पशु चिकित्सा महाविद्यालय, वेस्ट कार्बी आंगलोंग कृषि महाविद्यालय, अम्पानी वेस्ट कार्बी आंगलोंग गवर्नमेंट कॉलेज सहित कई योजनाओं की आधारशिला रखी। आज पूरे देश में हिंसा, अराजकता का समाधान किया जा रहा है, कभी इस क्षेत्र की चर्चा होती थी तो बम और गोलियों की आवाज़ सुनाई देती थी। पिछले वर्ष सितंबर में कार्बी आंगलोंग के अनेक संगठन शांति और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने का कदम उठा चुके हैं- पीएम मोदी कार्बी आंगलोंग या दूसरे जनजातीय क्षेत्रों में हम विकास और विश्वास की नीति पर ही काम कर रहे हैं। आप जानते हैं कि मैंने आपकी समस्याओं को, इस क्षेत्र की दिक्कतों को आप ही के परिवार के एक सदस्य के रूप में, आप के ही एक भाई और बेटे की तरह समझने की कोशिश की है। बीते 8 सालों के दौरान स्थाई शांति और बेहतर कानून व्यवस्था लागू होने के कारण हमने अस्स्क्को नार्थ ईस्ट के कई क्षेत्रों से हटा दिया है। सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ आज सीमा से जुड़े मामलों का समाधान खोजा जा रहा है। असम और मेघालय के बीच बनी सहमति दूसरे मामलों को भी प्रोत्साहित करेगी। इससे इस पूरे क्षेत्र के विकास की आकांक्षाओं को बल मिलेगा। असम की स्थायी शांति और तेज विकास के लिए जो समझौता हुआ था। उसको जमीन पर उतारने का काम आज तेज गति से चल रहा है। हथियार छोड़कर जो साथी राष्ट्र निर्माण के लिए लौटे हैं, उसके पुनर्वास के लिए भी बेहतर काम किया जा रहा है। 75,000 अमृत सरोवर का लक्ष्य लेकर आज देश आगे बढ़ रहा है। कुछ दिन पहले जम्मू-कश्मीर से इसकी शुरुआत हुई थी। अमृत सरोवर से मछली पालन में भी लाभ मिलने वाला है। 2014 के बाद नॉर्थ ईस्ट में मुश्किलें लगातार कम हो रही हैं और लोगों का विकास हो रहा है आज यहां 1,000 करोड़ रूपए का शिलान्यास किया गया है। ये सारे संस्थान यहां के युवाओं को नए अवसर देने वाले हैं। आज जो शिलान्यास हुआ है वे सिर्फ इमारत का शिलान्यास नहीं है, बल्कि मेरे नौजवानों का शिलान्यास है यूक्रेन के दक्षिणी खेरसन शहर में बुधवार देर रात टेलीविजन टावर के समीप कई धमाके हुए और इससे रूसी चैनलों पर प्रसारण अस्थायी तौर पर रुक गया। यूक्रेन और रूस के समाचार संगठनों ने यह जानकारी दी। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने बताया कि यूक्रेन की सेना की ओर से शहर पर मिसाइलें और रॉकेट दागे गए। रूसी सेना ने युद्ध के शुरुआत में ही खेरसन पर कब्जा जमा लिया था। महाराष्ट्र सरकार से स्वतंत्र लोकसभा सांसद नवनीत राणा और विधायक रवि राणा की 8 वर्षीय बेटी आरोही राणा ने अमरावती में अपने माता-पिता की जेल से जल्द से रिहाई के लिए अपने आवास पर हनुमान चालीसा का पाठ किया। आरोही राणा, नवनीत राणा और रवि राणा की बेटी ने कहा- मेरी मम्मी और पापा को जल्द ही छोड़ दिया जाए इसलिए मैं प्रार्थना कर रही हूं। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ी कीमतों को लेकर राज्य सरकारों पर निशाना साधा है। पुरी ने ट्वीट करके कहा कि महाराष्ट्र ने फ्यूल टैक्स के रूप में 79,412 करोड़ रुपए इकट्ठा किए हैं और इस साल 33,000 करोड़ रुपए एकत्र करने का अनुमान है। लोगों को राहत देने के लिए वह पेट्रोल और डीजल पर वैट क्यों नहीं घटाती है? फिर बढ़े कोरोना के मामले, पिछले 24 घंटों में दर्ज किए गए 3,303 नए केस। पिछले 24 घंटों में 2,563 ठीक होने से कुल रिकवरी बढ़कर 4,25,28,126 हो गई।

## हमारे पास योगी नहीं भोगी हैं, लाउडस्पीकर पर राज ठाकरे ने की यूपी के सीएम की तारीफ, उद्धव पर तंज



लाउडस्पीकर विवाद को जन्म देने वाले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने मंदिरों और मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतारने का आदेश देने वाले यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की तारीफ की है। उन्होंने योगी की तारीफ करते हुए महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे पर तंज भी कसा और उन्हें भोगी बता डाला है। राज ठाकरे ने ट्वीट करके मराठी और अंग्रेजी में लिखा, धार्मिक स्थलों खासकर मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने को लेकर मैं योगी सरकार को पूरे दिल से बधाई देता हूं। दुर्भाग्य से महाराष्ट्र में कोई योगी नहीं है, हमारे पास भोगी हैं। मैं ईश्वर से सद्बुद्धि देने की पार्थना करता हूं। दरअसल इस विवाद की शुरुआत राज ठाकरे ने ही की थी। उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने को कहा था। इसके बाद यह विवाद महाराष्ट्र से यूपी तक पहुंच गया। इस बीच सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभी धार्मिक स्थलों से अवैध लाउडस्पीकर उतारने का आदेश देते हुए कहा कि यदि कहीं लाउडस्पीकर बज भी रहा है तो उसकी आवाज परिसर से बाहर नहीं आनी चाहिए। यूपी में 72 घंटे के भीतर करीब 11 हजार लाउडस्पीकर उतारे जा चुके हैं।

## बिजली कटौती को लेकर अखिलेश का CM योगी पर तंज, कहा-सरकार की नहीं सुन रहे अफसर



उत्तर प्रदेश में एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऊर्जा विभाग और पावर कारपोरेशन के अधिकारियों को बिजली कटौती बंद करने और रोस्टर के हिसाब से आपूर्ति करने के निर्देश दिए हैं तो दूसरी तरफ इस मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया। है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस पर तंज कसते हुए कहा है कि पावर कार्पोरेशन के अधिकारी भाजपा सरकार के आदेशों-निर्देशों को तवज्जों नहीं दे रहे हैं। प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती से हाहाकार मचा हुआ है।अखिलेश ने कहा कि गर्मी का पारा चढ़ता जा रहा है। राज्य सरकार पर्याप्त बिजली का इंतजाम नहीं कर पा रही है। अफसरों की लापरवाही पर नियंत्रण नहीं लग रहा है। भाजपा के दूसरे कार्यकाल में बिजली मंत्री तो बदल गए, लेकिन दुर्दशा नहीं बदली। सरकारी बयानों में ग्रामीण क्षेत्रों में 18 से 20 घंटे बिजली सप्लाई का दावा किया जा रहा है, पर हकीकत में महज 4 घंटे बिजली मिल रही है। कई स्थानों पर तो पूरी रात ब्लैक आउट रहता है। ट्रांसफार्मर फुंकते जा रहें है। शहरी क्षेत्रों में भी बिजली की जबरदस्त कटौती हो रही है। यूपी को नफरत की आग में झोंकने वाली भाजपा सरकार ने बिजली उत्पादन के लिए कोई काम नहीं किया। प्रदेश में 23 हजार मेगावाट बिजली की मांग के अनुरूप सप्लाई नहीं हो पा रही है, तो बिजली कहां से मिलेगी? भाजपाई झूठे दावों की असलियत अब सामने आ रही है।

## बसपा प्रमुख मायावती का सपा पर हमला, कहा- भाजपा को दोबारा सत्ता में लाने के लिए अखिलेश हैं जिम्मेदार




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शांति, एकता और विकास रैली में शामिल होने के लिए असम के कार्बी आंगलोंग जिले के दीफू पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्बी आंगलोंग में मांजा पशु चिकित्सा महाविद्यालय, वेस्ट कार्बी आंगलोंग कृषि महाविद्यालय, अम्पानी वेस्ट कार्बी आंगलोंग गवर्नमेंट कॉलेज सहित कई योजनाओं की आधारशिला रखी। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर आज बांग्लादेश और भूटान की तीन दिवसीय यात्रा पर होंगे। इस दौरान वह दोनों देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के साथ प्रमुख मुद्दों पर विचार विमर्श करेंगे। भारतीय वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी ने गुरुवार को बड़ा बयान दिया है। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण भारतीय वायु सेना को कम समय में तीव्र और छोटी अवधि के अभियानों के लिए तैयार रहने की रहने की आवश्यकता होगी। बसपा प्रमुख मायावती ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस बार उत्तर प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में BSP को सत्ता में आने से रोकने के लिए स्क्रऔर BJP ने मिलकर इस चुनाव को पूरी तरह से हिंदू-मुस्लिम रंग दिया है। जिसके कारण भ्रुक्रफिर से यहां सत्ता में आई है और इसके लिए समाजवादी पार्टी ही जिम्मेदार है।

# सभी प्राचीन तालाबों और कुआ की साफ-सफाई करा कर उनकी मरम्मत कराए-अशोक त्रिपाठी जीतू

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बांदा-पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक त्रिपाठी जी ने जल शक्ति मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को भेजें पत्र में अवगत कराया है कि बुंदेलखंड में जल का स्त्रोत मुख्य रूप से तालाब और कुएं ही रहे हैं । परंतु बहुत से कुओं में गंदगी हो गई है या फिर धीमे-धीमे अपना अपना अस्ततित्व हैं खो रहे हैं।या जीर्ण शीर्ण हो गए हैं। जिस कारण बहुत से कुएं उपयोग में नहीं आ रहे हैं। कुछ लोगो ने कुआं में भी अवेध कब्जा कर रखा है। इसी प्रकार तालाबों में लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे तालाब अपना नामोनिशान मिटाने की कगार पर आ रहे । आम लोगो और गर्मियों में जीव जंतु, जानवर भी एक एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। श्री त्रिपाठी ने अपने पत्र में लिखा है कि 15 जून 2022 के पहले चित्रकूट धाम मंडल बांदा के सभी तालाबों को चिन्हित करा कर उनसे अवैध अतिक्रमण हटाया जाए। और उनकी साफ सफाई कराते हुए मरम्मत कराई जाए ।इसी प्रकार सभी जल संसाधन को चिन्हित कराकर प्राचीन जल संसाधन बचाओ अभियान चलाया जाए। कुवा तालाब का जीर्णोद्धार कराया जाए। ताकि आगामी बरसात में यह सभी तालाब और कुवा लबालब हो सके ।इस अभियान से बुंदेलखंड में लगातार गिर रहे जलस्तर को भी भविष्य में बचाया जा सकता है ।और लोगों को तालाबों से लाभ मिले कोई जानवर प्यास से बेहाल न रहे। पूर्व भाजपा अध्यक्ष त्रिपाठी ने अपने पत्र में ऐसे तालाब भी बताए हैं कि जिनका सुंदरीकरण कराया जा सकता है। ये तालाब है कंधरदास का विशाल तालाब, छाबी तालाब,प्रागी तालाब जैसे विशाल तालाबों को अमृत महोत्सव में शामिल कर आजादी के अमृत सरोवर के अंतर्गत सुंदरीकरण कराकर पर्यटन के क्षेत्र मे विकसित किया जाए तो बांदा शहर के बच्चो के लिए बहुत ही सुन्दर पिकनिक स्पॉट साबित हो सकता है। पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक त्रिपाठी अपने पत्र की एक प्रतिलिपि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भेजते हुए निवेदन किया है कि बुंदेलखंड का लगातार जल स्तर गिर रहा है। गिर रहे जल स्तर को बचाने के लिए प्राचीन तालाब बचाओ अभियानको चलाया जाना नितांत आवश्यक है। अन्यथा भविष्य में बुंदेलखंड में पेयजल क्या भीषण संकट हो सकता है।

# जिला परामर्श एवं अनुश्रवण समिति की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक आयोजित की



पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जालौन -जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कल देर शाम रानी लक्ष्मीबाई सभागार विकास भवन में जिला बाल संरक्षण समिति ,जिला बाल विवाह प्रतिषेध समिति ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला स्तरीय टास्क फोर्स , तथा जिला परामर्श एवं अनुश्रवण समिति की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने जनपद की आवश्यकता अनुसार जनपद में बच्चों के लिए एक आवासीय संस्था खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी जमीन का चिंहाकन कर अपने स्तर से प्रस्ताव प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास को प्रेषित करें ताकि भविष्य में जनपद में बाल गृह बालक या बालिका का संचालन किया जा सके। जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मेरे समक्ष प्रस्ताव बना कर प्रस्तुत करें तथा उप जिलाधिकारी सदर को जमीन के चिन्हाकन के लिए निर्देशित किया अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए समस्त थानों को निर्देशित करने के लिए कहा गया तथा विभाग के समस्त स्टेकहोल्डर से भी कहा गया कि आप सभी मिलकर अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह को रोके। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि समस्त ग्राम पंचायतों में बाल विवाह रुकवाने की मुनादी करवाएं तथा ग्राम प्रधान का दायित्व निर्धारित करें कि वे अपने ग्राम में बाल विवाह न होने दें 1 मई से 7 मई तक बाल श्रम के प्रति अभियान चलाने का निर्देश श्रम विभाग के अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि बाल श्रम में संलिप्त बच्चों को खोज कर उन्हें मुख्यधारा में लाने का प्रयास करें तथा जनपद को बाल बंधुआ मजदूरी से मुक्त करें अगर एक भी इस प्रकार का मामला संज्ञान में आता है तो उस पर तत्काल कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कहा कि मेडिकल कॉलेज में यदि मनोवैज्ञानिक या साइकिएट्रिस्ट का पद है तो उन्हें किशोर न्याय अधिनियम की धारा 15 के तहत पैनल में नामित करें तथा किशोरों की मनोवैज्ञानिक आख्या हेतु एक पैनल तैयार किया जाए ताकि बच्चों का सर्वोत्तम हित प्रभावित ना हो। आज के जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक में माननीय सिविल जज जूनियर डिविजन जालौन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन रेनू यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एन डी शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शिव सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रामदत्त प्रजापति, जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तिखार अहमद, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अध्यक्ष बाल कल्याण समिति सतीश चंद्र, बाल कल्याण समिति सदस्य गरिमा पाठक, विमला बाथम राजपाल अधीक्षक जिला कारागार महिला थाना अध्यक्ष डॉक्टर ममता स्वर्णकार जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी जूली खातून, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी संध्या झा, महिला शक्ति केंद्र से नीतू तथा जिला बाल संरक्षण इकाई की परामर्शदाता रचना कुशवाहा, आदर्श, जीतेंद्र, नरेंद्र, चंदन सिंह उपस्थित रहे।

# धर्म गुरुओं व पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की

पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



जालौन -आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु रानी लक्ष्मीबाई विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने जनपद के धर्म गुरुओं व पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि धार्मिक आयोजन में लाउड स्पीकर की आवाज निर्धारित ध्वनि परिषद के अंदर ही रखी जाए। उन्होंने कहा कि समस्त धर्म गुरु मंदिर मस्जिद के बाहर खड़े होकर लाउड स्पीकर की आवाज सुने जो परिषद के अंदर ही सुनाई दे इसका अनुपालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने धर्मगुरुओं से संवाद किया जिसमें धर्मगुरुओं द्वारा बिजली पानी से संबंधित शिकायतें बताई गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बिजली पानी साफ सफाई की पर्याप्त प्रबंध रहे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि परंपरागत आयोजन जुलूस यात्रा निकालने हेतु अनुमति लेना अनिवार्य होगी। उन्होंने कहा कि गैर परंपरागत किसी भी आयोजन की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का आयोजन सड़क मार्ग को अवरुद्ध नहीं करेगा। जिलाधिकारी द्वारा समस्त धर्म गुरुओं से कहा कि अमन चैन भाईचारा सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाए। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने कहा कि गंगा जमुना तहजीब के तहत आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारा मिलजुल कर सादगी से त्योहार मनाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक अफवाह पर ध्यान ना दें। उन्होंने कहा कि किसी भी अराजक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई तो उसके विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि भ्रामक खबरों को फॉरवर्ड ना करें इसका विशेष ध्यान रखें ऐसी खबरों का तत्काल मुझे या जिलाधिकारी या अन्य अधिकारियों को अवगत कराएं ताकि माहौल खराब करने वाले व्यक्तियों को तत्काल पकड़ कर कानूनी कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा कि त्योहारों को आपसी भाईचारा मिलजुल कर मनाएं आपके लिए हम तत्पर पर खड़े हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पूनम निगम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकुर कौशिक, नगर मजिस्ट्रेट कुंवर वीरेंद्र मौर्य, समस्त एसडीएम सीओ धर्मगुरु राघव दास, शशिकांत बाबा, बृजमोहन, उमाशंकर तिवारी, देवीदास पुजारी, हाजी शकील रहमानी, शहर इमाम मंजूर अहमद, सदर इमाम जमीर अहमद काबरी, धर्मगुरु हाफिज अब्दुल जबाबर, हाफिज शेख मोहम्मद मस्जिद कब्रिस्तान सहित आदि मौजूद रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ने जूनियर हाई स्कूल में किताबों का वितरण किया मिड डे मील बांटा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ-भाजपा किसान मोर्चा महानगर के अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने जूनियर हाई स्कूल धनीपुर में किताबों का वितरण किया मिड डे मील भी बांटा सैकड़ों बच्चों को भोजन का वितरण किया भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने प्राइमरी पाठशाला जूनियर हाई स्कूल धनीपुर दोनों स्कूलों का भ्रमण भी किया प्राइमरी पाठशाला धनीपुर की सफाई स्थिति काफी खराब निकली प्राइमरी पाठशाला के आसपास पानी एवं कीचड़ भरी हुई मिली सफाई व्यवस्था पूरी चौपट मिली प्राइमरी पाठशाला के दो तीन कमरों के दीवार में गांव का पानी जा रहा है जो दीवारों को कमजोर कर रहा है किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने प्राइमरी पाठशाला स्कूल की व्यवस्था पर नाराजगी जताई बीएसए प्रभारी को मौके पर समस्याएं दिखाएं भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ने तत्काल सफाई व्यवस्था चारों तरफ दीवार लगाए जाने को कहा भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने मिड डे मील बच्चों को किताबें वितरण मौके पर श्रीमती नीलम सक्सेना मंजू गौतम नीलम पाराशर आनंद प्रकाश शालिनी ग्रोवर रिचा गर्ग देवश्री साधना शर्मा गीता रानी दीपक सिंह आदि स्टॉप मौजूद रहा

# आई0सी0डी0एस0 स्वास्थ्य विभाग से बेहतर तालमेल बनाकर कार्य करें-डीएम



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने एनआरसी में बच्चों की संख्या काफी कम होने पर स्वास्थ्य विभाग को एनआरसी को बेहतर तरीके से एक्टिवेट करने के निर्देश दिये। उन्होंने आयरन की टेवलेटों को शत प्रतिशत वितरण हेतु निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने योजनाओं का ठीक प्रकार से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि ड्यू लिस्ट पर ठीक प्रकार से सक्रिय होकर कार्य करना सुनिश्चित करें और एम0आई0सी0 स्तर पर उसका सुपरविजन किया जाये। उन्होंने कहा कि लगने वाले सेशनों की नियमित रुप से मॉनीटरिंग की जाये और विभिन्न प्रकार की दवाईयों को खाने की जानकारी लाभार्थी तक अवश्य पहुचायें और वेयर हाउस से ब्लाक स्तर पर ठीक प्रकार से दवाओं का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। अन्डरवेट की मानीटरिंग में अधिकांश ब्लाकों का डाटा एक जैसा होने पर जिलाधिकारी ने आंकड़े ठीक करने के निर्देश दिये हैं। एनआरसी में कम बच्चों को रेफर किए जाने पर एनआरसी नोडल अधिकारी को एनआरसी में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हेल्थ एवं बाल विकास विभाग को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कार्य प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जो दवाईयां वितरण हेतु दी जा रही है वह लाभार्थी तक पहुंच जाये और उसका समय से सदुपयोग सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनवाडी/आशा द्वारा बातचीत का लाभार्थी पर सीधा सकारात्मक प्रभाव पडता है, इसलिए उनसे संवाद में कमी न आये। उन्होंने कहा कि बच्चा स्वस्थ होता है तो आगे बढता है और इससे परिवार की ही नही बल्कि गांव एवं देश की भी उन्नति होती है। उन्होंने कहा कि कार्य करने के साथ-साथ डाक्यूमेंटेशन पर भी विशेष ध्यान रखा जाये। पोषाहार का नियमानुसार वितरण किया जाता रहें और जिन कार्यों में जनपद पीछे हैं उनमें पूरी क्रियाशीलता लाकर प्रगति बढ़ायें। जिलाधिकारी ने आई0सी0डी0एस0 अधिकारियों से कहा कि कोविड-19 वैक्सीनेशन एवं नियमित टीकाकरण में अपना अपेक्षित सहयोग कर टीकाकरण की प्रगति बढ़ाने में योगदान दें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन, परियोजना अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी डा0 अनुपमा शांडिल्य, डिप्टी सी0एम0ओ0, सीडीपीओ, सुपरवाईजर, मण्डलीय समन्वयक एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट का पुलिस कार्यालय में किया गया सम्मान



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती- जिले में तैनात परिवीक्षाधीन आई0ए0एस0 अधिकारी परीक्षित खटाना का पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी एवं डिप्टी एस0पी0 डा0 देवेन्द्र कुमार ने प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। यहां यह बताना है कि श्री परीक्षित खटाना आई0ए0एस0/ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट परिवीक्षाधीन अधिकारी है, इनके द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सम्बद्ध रहकर पुलिस विभाग की कार्य प्रणाली, कानून व्यवस्था एवं पुलिस-मजिस्ट्रेट समन्वय आदि की जानकारी सम्बन्धी प्रशिक्षण लिया गया। प्रशिक्षण समाप्त होने पर पुलिस अधीक्षक एवं उनकी टीम द्वारा उन्हें प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## शहर बरेली के दवंग भूमाफिया द्वारा किया जा रहा फलदार हरे भरे पेड़ों का कटान व जमीन पर अवैध कब्जा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
तकी रज़ा

बरेली-यह मामला जनपद बरेली के हार्टमैन पुल के पास गढ़ी पुलिस चौकी के सामने स्थित का है जहां राजस्व ग्राम सुर्खाछावनी वाहर चुंगी गाटा संख्या 443, 450, 451, 452, 492 कुल रकवा 5875.12 वर्ग मीटर भूमि अर्वन लैन्ड सीलिंग अधिनियम के तहत बर्ष 1980 में राज्य सरकार के नाम राजस्व अभिलेख खतौनी में दर्ज हो गई थी, भूमाफिया अनिल कुमार अग्रवाल ने उक्त सीलिंग भूमि सक्षम प्राधिकारी नगर सीमारोपण श्री आर. पी. सिंह व विभागीय कर्मचारी विनोद वर्मा, सुनहरी लाल, गौरव सक्सेना से सांठगांठ कर बर्ष 2014 को सीलिंग प्रावधानों से अवमुक्त कराकर राजस्व अभिलेख खतौनी में अपने नाम दर्ज गैरकानूनी ढंग से करा ली जिसकी शिकायत कर्ता ने अधिकारियों से बहुत शिकायत की किन्तु भूमाफिया के पहुंचे के आगे किसी अधिकारी ने कोई कार्यवाही नहीं की, शिकायत कर्ता ने जन सूचना अधिनियम के तहत सीलिंग विभाग से सूचना प्राप्त की जिससे सीलिंग अधिकारी व कर्मचारियों के भृष्टाचार का उजागर हुआ, भृष्ट अधिकारी व कर्मचारियों की भी शिकायत की लेकिन शिकायत कर्ता को कोई न्याय नहीं मिला, न्याय न मिलने पर शिकायत कर्ता ने माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में एक रिट संख्या 3236/2015 शिव शंकर त्रिपाठी वनाम उ0प्र0 सरकार आदि योजित की जिसमें माननीय उच्च न्यायालय ने स्थगन आदेश पारित किया जो सम्बन्धित जमीन की खतौनी में भी दर्ज करा दिया,



इन सवाल के बाबजूद भूमाफिया व उसके उक्त जमीन की यथास्थिति का रुप परिवर्तन करते रहते हैं, दिनांक 9/4/22 को भूमाफिया अनिल कुमार अग्रवाल इसके साथी मनोज शुक्ला, विट्ठन अली व अन्य लोगों ने जमीन पर खड़े हरे भरे फल दार पेड़ों को कुल्हाड़ी व आरी से काट दिए जिसकी शिकायत थाना पुलिस के साथ साथ आई. जी.आर.एस. पर भी की जिसमें सम्बन्धित पुलिस चौकी इंचार्ज ने भ्रामक व गलत आख्या देकर भूमाफिया के कृत्य को छुपाते हुए न्यायिक आदेश की अवहेलना करने में अपना पूरा सहयोग किया, यदि शिकायत कर्ता को जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन से कोई न्याय नहीं मिला तो शिकायत कर्ता माननीय मुख्यमंत्री महोदय निवास कर जाकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगा।

## डीएम-एसएसपी ने जुमा अलविदा एवं ईद-उल-फितर के दृष्टिगत जामा मस्जिद एवं ईदगाह का किया निरीक्षण



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमन्त कुटियाल ने आज जुमा अलविदा एवं ईद-उल-फितर की नमाज को लेकर जामा मस्जिद एवं आस पास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा ईद की नमाज को लेकर ईदगाह क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिये। ,इस अवसर पर नगर मजिस्टेªट एमपी सिंह, एसपी सिट एसपी टैªफिक, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

WWW.KNLSLIVE.COM

## कमिश्नर की अध्यक्षता में संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक सम्पन्न



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संभागीय परिवहन प्राधिकरण मुरादाबाद की बैठक कमिश्नरी सभागार में आहूत की गयी। बैठक में प्रस्तुत मदों पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया तथा विचार विमर्श के दौरान प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित पक्षकारों से उनका पक्ष सुना गया और विस्तृत विचारोपरांत निर्णय लिया गया। बैठक में मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 82 (1) के अन्तर्गत स्थायी सबारी गाडी के परमिट हस्तांतरण हेतु प्राप्त दो आवेदन पत्रों को स्वीकृत किया गया। संभाग के अराष्ट्रीयकृत मार्गो पर नये स्थायी सबारी गाडी परमिट हेतु प्राप्त 7 आवेदन पत्रों में से 7 आवेदन पत्रों को स्वीकृत किया गया। मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 82 (1) के अन्तर्गत मुरादाबाद केन्द से संचालित सी0एन0जी0 ईंधनयुक्त आटोरिक्शा परमिट हस्तांतरण प्राप्त 8 आवेदन पत्रों को स्वीकृति किया गया। बैठक में मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 82(2) के अन्तर्गत मुरादाबाद केन्द्र से संचालित सीएनजी ईंधनयुक्त आटो रिक्शा मृत्यु के उपरांत परमिट मृतक हस्तांतरण हेतु 5 आवेदन पत्रों को स्वीकृत करते हुए मृतक हस्तांतरण किए जाने का निर्णय लिया गया।

इन यूज व्हीकल में सीएनजी/एलपीजी किट रेट्रोफिटमेन्ट करने का प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु प्राप्त एक आवेदन पत्र का निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर एक आवेदन उपयुक्त पाये जाने पर स्वीकृत किया गया।बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री सुरेन्द्र सिंह, उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र बरेली श्री एम0एल0 चैरसिया, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन श्री भीमसिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन श्री आर0के0 सिंह तथा विभन्न वाहन संगठन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहें।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# India's own point

The perseverance of Indian External Affairs Minister S Jaishankar is attracting everyone's attention. The language or spirit in which India is talking these days should really do the same. The benefits that an India with a stable democracy, huge population and open market should get are yet to come. The perseverance of the External Affairs Minister can not only bring benefits, but can also strengthen India's defense line. Actually, India's foreign policy is the same as it was before, but now the circumstances have changed and the countries of the West are standing on a weak ground. The partiality of some countries, not only India, but the whole world was suffering, but now the policies of such biased countries have started collapsing. Earlier, we used to listen to the advice of such partisan countries, but now there is no need to listen to their misgivings or to listen to such admonitions on which the countries of the West themselves are not following. The External Affairs Minister has rightly said that India will deal with the world on its own terms and does not need anyone's advice in this. In Raisina Dialogue, he has said very deeply that instead of keeping the world happy by understanding who he is, we should build relationships with the world on the basis of who we are! Let the world know about us and we seek approval from the world, that period is over. He also said that India will be the center of globalization in the next 25 years. This resolution is reasonable, but to make it come true, fundamentally we have to be strong. It is important to worry more about the economy. When we have enough investment, there will be plenty of employment, then automatically our GDP will increase. Although many leaders have shown such dreams to the people of India in the past, but in reality India is not able to solve the problem of terrorism, illiteracy and poverty in its own right. Self-reliance is also very important for India to be seen as a strong country in the world. Self-reliance will bring us to the center of globalization. So, the direction of the foreign minister's thinking is absolutely right, he is thinking broadly that what we have failed in? Only proper study of our failures will take us towards development faster."These days European countries are advising India not to do more business with Russia. The foreign minister of the new India is now repeatedly pointing out that India does not need to consult anyone. Without naming China, he has raised the right question that why did Europe become insensitive when one country was threatening Asia? In fact, it is time for Europe to wake up and look to Asia. In Asia too, problems like unstable borders and terrorism remain a threat. Western countries have been working only by giving advice to Asian countries. Countries that rely on military power, they also advise India or the countries of Asia to resolve disputes through mutual dialogue, while indirectly increasing problems for everyone by turning a blind eye to disputes. Now in the changed situation, the western countries will have to look into the legitimate concerns of India and it has probably started.

# Lock Upp: Poonam Pandey crossed all limits before the finale, took a bath in front of everyone for the audience



The OTT reality show Lock Up is heading towards its last days. In such a situation, there is a competition among all the contestants to win the first season of this show. In this show of Kangana Ranaut, many contestants are trying their best to win. Meanwhile, controversial actress Poonam Pandey did such a thing in the lock-up, knowing that even the audience can be surprised. Actually, in the latest episode of Lock Up, Shivam Sharma started bathing in front of everyone in the yard area. During this he was shirtless but he was wearing his trousers. Poonam Pandey, Sayesha Shinda and Payal Rohatgi were watching their bath. These three were shouting loudly that Shivam should take off his trousers too. After which, obeying these three, he also removes the trousers. According to the news of the English website Times of India, seeing Shivam doing this, Poonam Pandey also decides to take a bath in the yard area in front of everyone. She tells this to Saisha Shinde and Payal Rohatgi. At the same time, she also says that she is doing this only for the audience. Sayesha and Prince come and tell everyone that Poonam Pandey decided to take a bath in the yard area. To this the Prince says, 'That's why I am not going out.' Munavvar says, 'I am not going too because I am doing Ramzan.' Sayesha teases them and they start laughing. Later, Prince Narula, Munavvar, Anjali and Sayesha are seen chatting about Poonam and her antics. When Poonam was taking bath, everyone except Payal Rohatgi was sitting inside the lock up area. However, the makers of the show have not aired the footage of Poonam taking a bath inside the lock up. Let us tell you that in Kangana Ranaut's lock-up, Poonam Pandey is in the headlines due to her boldness in addition to her game and strategy. In the past, he took off his top in the middle show taking from the audience and fans. In such a situation, Poonam Pandey did it to get more votes. While going topless, many of his pictures also became fiercely viral on social media.

# Veet Launches Its New Campaign 'The Better Way To Wax' With Katrina Kaif



Mumbai – Veet, the world's leading manufacturer of skin and hair removal products, has launched a new campaign today with its brand ambassador Katrina Kaif. Katrina Kaif said, "Veet is a reputed brand, which is reflected i n women like me who are shouldering multiple responsibilities and looking for an easy and effective solution for their specific needs. My long association with Veet makes our association even more special. I am looking forward to the new campaign #DwaterWeToWax and hope the audience will like it too."

# गुजरात कांग्रेस के दलित विधायक श्री जिग्नेश मेवानी की गिरफ्तारी को लेकर एडीएम प्रशासन को महामहिम राजपाल महोदय के नाम दिया ज्ञापन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में गुजरात कांग्रेस के दलित विधायक श्री जिग्नेश मेवानी की गिरफ्तारी को लेकर एडीएम प्रशासन को महामहिम राजपाल महोदय के नाम ज्ञापन दिया एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि ने कहा लोकतंत्र में सभी नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी होती है परंतु जिस तरह से पिछले दिनों मात्र एक ट्वीट करने पर गुजरात कांग्रेस के दलित विधायक श्री जिग्नेश मेवानी को असम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है वह सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि लोकतंत्र के लिए खतरा है असम पुलिस द्वारा रातों-रात एक जनप्रतिनिधि को गिरफ्तार करना सत्ता का दुरुपयोग है केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों का इस तरह का तानाशाही रवैया संविधान के विरोध लोकतंत्र पर काले धब्बे की तरह है यदि राजनेताओं को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के विरोध में ध्यान देने पर गिरफ्तार किया जाएगा तो देश में शायद जेलों की संख्या कम पड़ जाएगी यह भी अपने आप में चौंकाने वाला तथ्य है की असम पुलिस ने उस तत्व का ब्यौरा नहीं दिया है जिसके आधार पर ही जिग्नेश मेवानी को गिरफ्तार किया गया है कांग्रेश गुजरात विधायक श्री जिग्नेश मेवानी की गिरफ्तारी को पूर्णतया अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक मानती है ऐसा प्रतीत होता है केंद्र सरकार के विरोध में उठ रहे हर स्वर को सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर कुचलने का प्रयास कर रहे हैं संगठन उपाध्यक्ष अनिल सोलंकी ने कहा आज शाम पुलिस ने जिस अलोकतांत्रिक तरीके से गुजरात के विधायक श्री जिग्नेश मेवानी को रातों-रात गिरफ्तार किया है वह संविधान विरोधी कदम है और उस पर जनता का अपमान है जिसने उन्हें चुना श्री मेवानी को भारतीय दंड संहिता आईपीसी की धारा 153ए के तहत प्राथमिकी दर्ज होने के तुरंत बाद गिरफ्तार किया गया है प्राथमिकी असम के कोकराझार थाने में दर्ज कराई गई है महोदय एटा शहर कांग्रेस कमेटी का आपसे आग्रह है कि संविधान और लोकतंत्र के प्रेहरी के रूप में उपरोक्त मामले में हस्तक्षेप करें एव श्री जिग्नेश मेवानी की रिहाई हेतु केंद्र सरकार पर दबाव डालें इस दौरान जलेसर के पूर्व ब्लाक प्रमुख गीतम सिंह राजपूत विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संतोष गौतम सेवा दल के वरिष्ठ नेता अरुणेश गुप्ता जिला उपाध्यक्ष नैना शर्मा दिनेश मिश्रा एडवोकेट वेद प्रकाश माथुर एडवोकेट डॉ सुरेंद्र सविता किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित बाबू गुप्ता ज्योति चौहान युवा नेता अनुज यादव कयाम बरकाती डिप्टी मामा आदि लोग उपस्थित थे

# एटा की रजनी यादव को इग्नू नई दिल्ली ने डॉक्टर ऑफफिलॉसफी की उपाधि प्रदान की




योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मारहरा- इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली में आयोजित 35 वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा माननीय मुख्य अतिथि मंत्री शिक्षा एवं कौशल और उद्यमशीलता मंत्रालय प्रस्तुतिकरण विषय पर था। बताते भारत सरकार धर्मेन्द्र प्रधान जी और चलें कि रजनी यादव मारहरा थाना विशिष्टि अतिथि एवं विश्वविद्यालय के क्षेत्र के गांव मेंहनी शोरा के जितेन्द्र कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव द्वारा यादव की पुत्री हैं। पत्रकारिता के क्षेत्र एटा उ0प्र0 की रजनी यादव पुत्री में रजनी यादव को डॉ0 ऑफ जितेन्द्र यादव को जनसंचार एवं फिलॉसफी की उपाधि प्राप्त किए जाने पत्रकारिता में डॉ0 ऑफ फिलॉसफी की पर क्षेत्र के लोगों ने उनको बधाई उपाधि प्रदान की गई है। डॉ0 रजनी संदेश भेजने शुरू कर दिए हैं।

बधाई यादव का शोध प्रबंध महिलाओं से देने बालों में पूर्व विधायक अमित संबंधित समाचारों की भाषा और गौरव टीटू यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिलकुमार सिंह यादव, जिलाध्यक्ष सपा एवं पालिकाध्यक्ष वहीद महमूद जुबैरी उर्फपरवेज जुबैरी, डा0 जयदेव सिंह राघव, एसके कालेज ऑफ फिजीकल ऐजूकेशन के चेयरमैन विजयप्रकाश यादव, सतेन्द सिंह यादव, पत्रकार चौधरी एनपी सिंह, अमित सक्सैना राजा, पुष्पेन्द्र कुमार, अजय यादव, मौ0 विलाल, सुएव कादरी, मुनेश गांधी आदि प्रमुख हैं।

# एआरटीओ के चेकिंग अभियान से स्कूली बस चालकों में मचा हड़कंप, 15 वाहनों का चालान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-गाजियाबाद में एक स्कूल बस में छात्र के साथ हुई दर्दनाक घटना के बाद एटा प्रशासन सक्रिय हो गया है। एआरटीओ हेमचंद गौतम व यात्री मालकर अधिकारी अभिनव चौधरी द्वारा स्कूल बसों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान में 15 वाहनों का चालान किया गया। इस संबंध में एआरटीओ का कहना है कि स्कूली बसों के संबंध में शासन के द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन ना किए जाने और यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर इस तरह की कार्रवाई की गई है और ये अभियान लगातार जारी रहेगा, स्कूली वाहनों में अग्नि शमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरा, फर्स्ट एड बॉक्स, स्पीड गवर्नर आदि उपकरण लगा होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि सभी स्कूल संचालक स्कूली वाहन चालकों का चरित्र एवं ड्राइविंग लाइसेंस का सत्यापन अब तक नहीं कराया गया है व तत्काल कराएं, उनका सत्यापन आवश्यक रूप से तत्काल करा ले। स्कूल में किसी भी प्रकार के अवैध वाहन का संचालन बच्चों को लाने-ले जाने के लिए नहीं किया जाएगा।

# एटा के ग्रामीण क्षेत्र में बिजली संकट गहराया कटौती से किसान परेशान



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अन्नदाता किसान के समर्थन में भारतीय ओबीसी महासभा की टीम ने मुख्य अधीक्षण अभियंता दक्षिणान्चल विद्युत वितरण खण्ड एटा को ज्ञापन के माध्यम से किसानों की समस्या को रखा किसानों की खेती का समय चल रहा है गर्मी अधिक पड़ने से मक्का, शिवाला, मूंगफली की फसल व अन्य सब्जियों को विद्युत कटौती होने के कारण ठीक समय से पानी न मिलने पर फसल को नुकसान हो रहा है जिससे किसान हताश होकर परेशानियों का सामना कर रहा है अन्नदाता किसान की समस्या को देखते हुये जिले में हो रही विद्युत कटौती पर रोक लगायी जाए और विद्युत की सुविधा ठीक समय से मोहिया करायी जाये अन्यथा किसानों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ भारतीय ओबीसी महासभा की टीम धरना प्रर्दशन आन्दोलन करने पर बाध्य होगी जिसके जिम्मेदार उच्च अधिकारी होगें। इस बीच एकेश लोधी राष्ट्रीय अध्यक्ष, शिवम लोधी राष्ट्रीय प्रवक्ता, कैलाश लोधी पूर्व जिला पंचायत सदस्य , योगेश यादव जिलाध्यक्ष,उपेंद्र कुमार जिलामहामंत्री, राजेश कुमार जिलाउपाध्यक्ष ,पुरुषोत्तम लोधी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ,सुधीर शाक्य, दिनेश वघेल,मनोज प्रजापति,अरविंद यादव,अनुप्रेश लोधी कार्यालय प्रभारी,सुरेशचंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

# ठगी गई धनराशि 76700 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि को पीडित के बैंक खाते में वापस कराया गया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदयशंकर सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्रीमती स्नेहलता के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर सैल एटा द्वारा आनलाइन ठगी का शिकार हुई शिकायतकर्ता तुलसी यादव पुत्री श्री प्रेमपाल यादव नि0 वर्मा नगर आगरा रोड जनपद एटा ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि आवेदिका द्वारा मंगाये गये पार्सल को एक्टिव करने के संबंध में एक कॉल आयी और आवेदिका के साथ 76700 रूपये का फ्रॉड कर लिया गया । अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा द्वारा साइबर सेल की टीम को प्रकरण की जांच कर शिकायतकर्ता की समुचित मदद करने हेतु निर्देशित किया गया।



साइबर सैल एटा द्वारा मामले की गंभीरता से जांचकर त्वरित व लाभप्रद कार्यवाही करते हुए तथा सम्बन्धित बैंक/गेट-वे को ई-मेल करते हुये आज दिनाँक 28.04.2022 को शिकायतकर्ता की ठगी गई धनराशि 76700 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि को पीडित के बैंक खाते में वापस कराया गया है। अपने पैसे वापस पाकर शिकायतकर्ता द्वारा एटा पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की गई है।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# लू जनित रोगों के उपचार के लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रो में विशेष चिकित्सा दल की ड्यूटी लगाने के निर्देश

## आमजनों को लू से बचाने के लिए समुचित उपाय करने दिशा-निर्देश जारी

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आमजनों को भीषण गर्मी एवं लू से बचाने के लिए राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत समुचित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किया है। उन्होंने लू से प्रभावितों की संख्या सीमित करने के लिए तथा लू प्रबंधन कार्य व्यवस्थित रूप से करने के लिए विभिन्न विभागों को अलग-अलग दायित्व सौंपे है। कलेक्टर ने गर्मी एवं लू जनित रोगों के उपचार के लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रो में विशेष चिकित्सा दल का गठन कर लिखित में उनकी ड्यूटी लगाने और इसकी सूचना उन्हे उपलब्ध कराने कहा है। कलेक्टर ने आमजनों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए समुचित प्रबंध करने के साथ ही जिले में स्थापित हैण्डपम्पों का मरम्मत एवं उसकी सफाई 15 दिवस के भीतर सुनिश्चित करने कहा है। उन्होंने कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को ग्रामवार स्थापित हैण्डपंप, चालू हैंडपंप एवं बंद हैण्डपम्पों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। जारी निर्देश में कहा गया है कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में तथा मितानिनों के पास ओआरएस पैकेट और मौसम आधारित दवाइयों का भण्डारण आवश्यक रूप से सुनिश्चित कराए। जनसामान्य के लिए अपनायें जाने वाले उपायों से संबंधित सुझाव को सभी अस्पतालों के बाहर लिखने कहा गया है। जो भी व्यक्ति लू के उपचार हेतु स्वास्थ्य केन्द्रों में उपस्थित होते हैं, उनका समुचित उपचार सुनिश्चित करने, लू से पीडित मरीजों की संख्या बढ़ने की स्थिति में अतिरिक्त व्यवस्था करने, लू से पीडित रोगियों के चिकित्सा हेतु जिला चिकित्सालय तथा सिविल चिकित्सालय में अलग चिकित्सा वार्ड की व्यवस्था करने कहा गया है। विभागीय अधिकारी (राजस्व) के द्वारा किया जाकर उन स्थानों पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाए। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में बहुत से बेघर व्यक्ति खुले में रहते हैं उनके लिए आश्रय स्थल का चिन्हांकन कर उन्हें भीषण गर्मी एवं लू से बचाव हेतु दोपहर 12 बजे से 3 बजे के मध्य उन्हें उक्त स्थलों पर रखा जाए ताकि उन्हें भीषण गर्मी एवं लू से बचाया जा सके। अस्पताल एवं अन्य आपातकालीन केन्द्रों में विद्युत की आपूर्ति निर्बाध रूप से हो, इसके लिये विद्युत विभाग को आवश्यक मेंटेनेंस समय पूर्व करने कहा गया है।

# नव पदस्थ कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने किया पदभार ग्रहण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-गुरुवार को जिले की नई कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया। उनके यहां पहुँचने पर स्थानांतरित कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया तत्पश्चात उन्होंने सूरजपुर कलेक्टर के रूप में सुश्री इफ्फत आरा को जिले की कमान सौंपी और जिले के सम्बंध में उन्हें जानकारी दी। ज्ञात हो कि पिछले दिनों राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों की नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया था। जिसके तहत जिले के कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह को जहाँ मुंगेली का कलेक्टर बना कर भेजा गया वही उनकी जगह पर सुश्री इफ्फत आरा को सूरजपुर कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया गया। 2012 बैच की आईएएस सुश्री आरा इसके पूर्व महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक थीं। पदभार ग्रहण के दौरान आईएएस जिला पंचायत सीईओ राहुल देव एवं वनमण्डलाधिकारी मनीष कश्यप आदि उपस्थित थे।

# रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-जिले के नए पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधीक्षक सूरजपुर का पदभार गुरूवार, 28 अप्रैल 2022 को ग्रहण करने जिला पुलिस कार्यालय पहुंचे जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तत्पश्चात् उन्होंने विधिवत पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री साहू ने जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर उनके अधिनस्थ थाना-चौकियों की जानकारी लेते हुए क्षेत्र की गतिविधियों से अवगत हुए। रामकृष्ण साहू 1998 बैच के राज्य पुलिस सेवा के अ धिकारी है और वर्ष 2012 में आईपीएस अवार्ड हुए। इसके पूर्व वे पुलिस अधीक्षक बलरामपुर, सेनानी 4थी वाहिनी छसबल माना रायपुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अम्बिकापुर, दन्तेवाड़ा, बिलासपुर तथा सीएसपी दर्री के पद पर पदस्थ रहे है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, एएसपी मुख्यालय ए.के.जोषी, ट्रेनी आईपीएस संदीप कुमार पटेल, सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु, एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, एसडीओपी सूरजपुर गीता वाघवानी, डीएसपी अजाक पी.डी. कुजूर, डीएसपी नंदिनी ठाकुर, प्रषिक्षु डीएसपी दीपमाला कुर्रे, कार्यालय अधीक्षक संतोष वर्मा, रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुर्रे, स्थापना प्रभारी अखिलेश सिंह, थाना-चौकी प्रभारीगण सहित जिला पुलिस कार्यालय के पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर भाजपा की कार्य विस्तार कार्यशाला एकदिवसीय हुई

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही- कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर भाजपा की कार्य विस्तार कार्यशाला एकदिवसीय हुई। जिसमें भाजपा के गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला के मंडल पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, इत्यादि शामिल हुए । भारत माता के तैल चित्र कुशाभाऊ ठाकरे , पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी को माल्यार्पण और आरती द्वारा मुख्य अतिथि एवं पदाधिकारी ने पूजन किया।यह एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के मुख्य अतिथि बिलासपुर लोकप्रिय युवा सांसद श्री अरुण साव जी शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कार्यशाला के संदर्भ में भूत इकाई ,शक्ति केंद्र, मतदान कें द्र, इत्यादि विषयों में जनहित जानकारी दी। तत्पश्चात मुख्य अतिथि सांसद श्री अरुण साव जी, साइबर सेल के विस्तारक वक्ता अमर सुल्तानिया का जिला अध्यक्ष कन्हैया राठौर, महामंत्री लाल जी यादव एवं राकेश चतुर्वेदी द्वारा स्वागत किया गया। कुशाभाऊ ठाकरे जनशताब्दी एक दिवसीय कार्य विस्तार प्रशिक्षण शाला में समस्त कार्यकर्ताओं को कार्यशाला के प्रमुख वक्ता अमर सुल्तानिया द्वारा आईटी सेल, सोशल मीडिया, इत्यादि विषय के संदर्भ में कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित एवं जनहित में विस्तार से जानकारी दी। यह कार्यक्रम गौरेला के सांस्कृतिक भवन मंगली बाजार में हुआ। कार्यशाला के कार्यक्रम का संचालन भाजपा के जिला महामंत्री राकेश चतुर्वेदी ने किया। जिला अध्यक्ष कन्हैया राठौर द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं कार्यक्रम के विषय में प्रकाश डालें। कुशाभाऊ ठाकरे के जन्म शताब्दी के कार्यक्रम में उपस्थित हुए जिला उपाध्यक्ष बृजलाल राठौर कुबेर सराठी ,दिलीप यादव,शीतल शुक्ला, राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, स्वामी परमात्मानंद जी, कल्लू राजपूत, महेंद्र सोनी ,मुकेश दुबे, जिला सोशल मीडिया प्रभारी आशीष गुप्ता, नीरज जैन ,मनीष अग्रवाल, भूधर सोनी, किसन ठाकुर ,छोटेलाल सोनी ,रोशन राठौर, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, शंकरलाल चक्रधारी ,संदीप जायसवाल, मथुरा सोनी ,संतोष तिवारी, श्रीकांत चतुर्वेदी, आयुष मिश्रा ,राखी गहलोत, विभा नरहेल,रानू नामदेव , उमा चक्रधारी, तुलसा सोलंकी ,रमा राठौर, श्याममिलन राठौर ,लता श्रीवास ,मनोरमा गुप्ता,विद्या नामदेव , ममता जायसवाल, सुनीता राठौर, मीराबाई ,योगेंद्र नरहेल , लक्ष्मी पेंड्रो, अभय रोहिणी उपस्थित रहे ।आभार प्रदर्शन लाल जी यादव ने किया ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# व्यापारी बंधुओ के साथ मासिक गोष्ठी संपन्न

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा पुलिस कार्यालय में व्यापारियों के समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में आये व्यापारियों से सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। व्यापारियों द्वारा कस्बो में लगने वाले जाम/अतिक्रमण व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बताया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों को पुलिस विभाग द्वारा पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। साथ ही साथ सर्राफा व्यापारी/पेट्रोल पंप/गैस एजेंसी/भट्ठा मालिको निर्देशित किया



गया कि आप लोग अपने माध्यम से जो गार्ड/चौकीदार रखते हैं उनका पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य करा लें तथा सीसीटीवी कैमरे आदि की भी समुचित व्यवस्था कर लें। पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्राफा व्यापारी व अन्य प्रतिष्ठान के मालिकों को बताया गया कि आगामी दिनों त्यौहार ईद-उल-फितर व अक्षय तृतीया के दृष्टिगत बाजारों/दुकानों में काफी भीड़-भाड़ होगी इसलिए सभी लोग सीसीटीवी अवश्य लगवा ले तथा जो लोग पहले से लगवा रखे हैं तथा वह किसी कारणवश कार्य ना कर रहे हो तो उनकी मरम्मत करवा ले, दुकानों पर अनावश्यक भीड़ एकत्र ना करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें या यूपी 112 डायल करें। गोष्ठी का संचालन 卐व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ卐 प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक श्री केशव चंद्र गोस्वामी द्वारा किया गया। इस दौरान उपाधीक्षक रमेश कुमार, प्रभारी यूपी 112 निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार पांडेय सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे।